# बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
## झाँसी

**वित्त समिति की दिनॉक 04.06.2020 को सम्पन्न हुई 35वीं बैठक का कार्यवृत्त**

बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की वित्त समिति की 35वीं बैठक मा0 प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा एवं अध्यक्ष, वित्त समिति की अध्यक्षता में दिनॉक 04.06.2020 को पूर्वान्ह, 11.30 बजे सम्पन्न हुई। उक्त बैठक कोविड–19 के संकमण से बचाव को दृष्टिगत रखते हुये जूम(zoom) के माध्यम से सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

1. मा0 एस0 राधा चौहान
   प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
   एवं
   अध्यक्ष, वित्त समिति
   बी0आई0ई0टी0, झाँसी ....... अध्यक्ष

2. श्री राम कृपाल बिन्द
   अपर निदेशक
   कोषागार एवं पेंशन
   झांसी, मण्डल झांसी
   प्रतिनिधि
   सचिव
   वित्त विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ। ....... सदस्य

3. श्री मनोज कुमार
   निदेशक
   प्राविधिक शिक्षा, निदेशालय,
   कानपुर उ0प्र0 ....... सदस्य

4. श्री सुधीर कुमार जैन
   वित्त एवं लेखाधिकारी
   बी0आई0ई0टी0, झाँसी ........ विशेष आमंत्री

5. प्रो0 वी0के0 त्यागी
   निदेशक
   बी0आई0ई0टी0, झाँसी ....... सदस्य सचिव

मुख्य महाप्रबन्धक पी0टी0पी0पी0, पारीछा, झाँसी अपरिहार्य कारणों से बैठक में उपस्थित न हो सके।



Scanned with CamScanner

## कार्यवाही का विवरण

35.01 **वित्त समिति की दिनॉक: 12.03.2019 को सम्पन्न हुई 34 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

समिति द्वारा दिनांक 12.03.2019 को सम्पन्न हुई 34वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

35.02 **वित्त समिति की दिनॉक: 12.03.2019 को सम्पन्न हुई 34 वीं बैठक में प्रस्तुत किये गये बिन्दु, समिति का निर्णय एवं उन पर की गयी कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति द्वारा दिनॉक 12.03.2019 को सम्पन्न हुई 34वीं बैठक में प्रस्तुत किये गये बिन्दु, समिति का निर्णय एवं उन पर की गयी कार्यवाही के विवरण का अवलोकन करते हुये संतोष व्यक्त किया गया।

35.03 (अ) **वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु राजस्व एवं पूंजीगत बजट का प्रस्ताव**

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 के राजस्व एवं पूंजीगत बजट में प्रस्ताव का अवलोकन किया गया तद्नुसार संस्थान की अन्य श्रोतो से सम्भावित आय रू0 1261.18 लाख तथा शासन से सम्भावित अनुदान के रूप में रू0 1225.49 लाख को जोडते हुये कुल धनराशि रू0 2486.67 लाख के सापेक्ष रू0 2472.11 लाख के प्रस्तावित व्यय पर सहमति प्रदान की गयी। विवरण निम्नानुसार है–

वित्तीय वर्ष 2019–20 का वास्तविक व्यय एवं 2020–21 हेतु प्रस्तावित धनराशि का विवरण

(धनराशि लाख में)

| क्रमांक | मद का विवरण | वित्तीय वर्ष 2019–20 का अनुमोदित व्यय | वित्तीय वर्ष 2019–20 का वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2020–2021 हेतु अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वेतन एवं भत्ता | 1380.00 | 1212.69 | 1375.00 |
| 2 | पुनरीक्षित वेतन का एरियर | 30.00 | 290.27 | 66.54 |
| 3 | अतिथि शिक्षकों को पारिश्रमिक | 80.00 | 53.56 | 80.00 |
| 4 | सुरक्षा कर्मियों की मजदूरी | 50.00 | 49.08 | 50.00 |
| 5 | गृह कर | 8.00 | — | 8.00 |
| 6 | मानदेय | 4.00 | 2.96 | 3.00 |
| 7 | यात्रा व्यय | 3.00 | 1.34 | 2.00 |
| 8 | कनवेंस | 0.50 | 0.03 | — |
| 9 | दूरभाष व्यय | 1.00 | 0.29 | 0.75 |
| 10 | कार्यालय व्यय | 28.00 | 27.58 | 24.00 |
| 11 | सेमिनार | 1.00 | — | 2.00 |
| 12 | चिकित्सा व्यय | 7.00 | 6.25 | 7.00 |
| 13 | डाक व्यय | 0.50 | 0.05 | 0.25 |
| 14 | मेडल व रिवार्डस | 1.00 | — | 1.00 |
| 15 | बागवानी | 18.00 | 15.14 | 20.00 |
| 16 | अध्ययन भ्रमण | 1.00 | — | 1.00 |
| 17 | विज्ञापन | 20.00 | 10.96 | 25.00 |
| 18 | स्टेशनरी / छपाई कार्य | 2.50 | 0.50 | 1.00 |
| 19 | विधिक व्यय | 5.00 | 0.11 | 5.00 |
| 20 | ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट | 2.00 | 0.60 | 2.00 |
| 21 | विद्युत व्यय | 200.00 | 172.18 | 200.00 |
| 22 | कार्यालय उपकरण/ फर्नीचर/ कम्प्यूटर का रखरखाव एवं प्रतिस्थापन व्यय आदि | 4.00 | 3.90 | 3.00 |
| 23 | सिविल अनुरक्षण | 25.00 | 22.72 | 25.00 |
| 24 | विद्युत अनुरक्षण | 30.00 | 28.51 | 25.00 |
| 25 | डी0 ओ0 सी0 | 2.00 | 1.72 | 8.00 |
| 26 | पुस्तकालय / मैग्जीन व्यय | 2.00 | 0.99 | 10.00 |



Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | मेरिट छात्रवृत्ति | 4.00 | – | 4.00 |
| 28 | शोध एवं विकास | 1.00 | 0.10 | 4.00 |
| 29 | कर्मचारियों की वर्दी | 0.60 | – | 0.60 |
| 30 | सम्परीक्षा शुल्क | 10.00 | 0.45 | 3.00 |
| 31 | छात्र क्रिया–कलाप/खेल–कूद | 10.00 | 7.93 | 8.00 |
| 32 | वाहन व्यय | 7.00 | 6.35 | 5.00 |
| 33 | इन्टरनेट अनुरक्षण | 9.00 | 8.45 | 12.00 |
| 34 | छात्रावास अनुरक्षण | 5.00 | 5.00 | 7.00 |
| 35 | परीक्षा व्यय | 30.00 | 29.50 | 35.00 |
| 36 | चिकित्सा प्रतिपूर्ति | 3.00 | – | – |
| 37 | ए के टी यू को भुगतान | 0.00 | 0.84 | – |
| 38 | बैंक चार्ज | – | 0.03 | – |
| 39 | एक्रेडिटेसन | – | 0.60 | 10.00 |
| 40 | कोविड–19 के संक्रमण के रोक थाम हेतु | – | – | 10.00 |
| | योग | 1985.10 | 1960.68 | 2043.44 |

पूंजीगत व्यय

| क्रमांक | मद का विवरण (धनराशि लाख में) | वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु अनुमोदित | वित्तीय वर्ष 2019–20 का वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2020–2021 हेतु अनुमोदित धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 41 | भू–धारकों का भुगतान | 20.00 | – | – |
| 42 | वर्चुअल क्लासरूम की स्थापना | – | 39.86 | – |
| 43 | सेन्ट्रल लाईब्रेरी एवं प्लेसमेंट सेल | 367.50 | 367.50 | – |
| 44 | पी0जी0 हास्टल (40 सीटेड) | 97.59 | 97.59 | 260.00 |
| 45 | लेक्चर थियेटर | 50.00 | 50.00 | |
| 46 | लैबो की साज सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण | – | 59.41 | – |
| 47 | एकेडमिक भवन | 300.00 | – | – |
| 48 | वराठा बेसिन योजना | – | – | 21.00 |
| 49 | लोन टेनिस कोर्ट का निर्माण | 25.62 | – | – |
| 50 | मल्टी परपज हाल का निर्माण (सी0डी0यू0) | – | – | 147.67 |
| | योग | 860.71 | 614.36 | 428.67 |
| | महायोग | 2845.81 | 2575.04 | 2472.11 |

35.03 (ब) वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु राजस्व एवं पूंजीगत बजट का विवरण।
समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के राजस्व एवं पूंजीगत बजट का अवलोकन किया गया।

35.03 (स) वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु राजस्व एवं पूंजीगत बजट का विवरण।
समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के राजस्व एवं पूंजीगत बजट का अवलोकन किया गया।

35.04 पं0 दीनदयाल उपाध्याय क्वॉलिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम, ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा अवमुक्त अनुदान एवं उसके सापेक्ष व्यय का विवरण।

समिति को अवगत कराया गया कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान को कुल रू0 15.00 करोड़ की अनुदान धनराशि स्वीकृत हुई है। जिसके सापेक्ष संस्थान में कराये जा रहे निर्माण कार्य, सुदृढ़ीकरण एव विकास सम्बन्धी कार्यो के प्रस्ताव/अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया गया।

Scanned with CamScanner

35.05 वित्तीय वर्ष 2019–20 में कराये गये निर्माण (पूंजीगत) कार्य की अद्यतन स्थिति।

समिति को यह अवगत कराना है कि, संस्थान स्तर पर वर्तमान में भवनों के निर्माण कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है:–

1. 144 सीटेड पुरूष छात्रावास का निर्माण।

समिति को अवगत कराया गया कि संस्थान में नवनिर्मित 144 सीटेड पुरूष छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त संस्थान को हस्तान्तरित कर दिया गया है। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

2. विद्युत व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण

संस्थान में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति से समिति अवगत हुयी। समिति के संज्ञान में लाया गया कि वित्तीय वर्ष 2019–20 में उक्त कार्य हेतु रू0 35.00 लाख निर्माण इकाई को भुगतान किया गया एवं उक्त कार्य पूर्ण होने के उपरान्त अवशेष धनराशि रू0 8.00 लाख संस्थान में जमा किये जाने हेतु निर्माण एजेन्सी को पत्र प्रेषित किया गया है। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

3. वर्चुअल क्लास रूम की स्थापना।

वर्चुअल क्लास रूम के पूर्ण होने की कार्यवाही से समिति अवगत हुयी।

4. प्रयोगशालाओं का उच्चीकरण।

प्रयोगशालाओं का उच्चीकरण/नवीनीकरण/निर्माण कार्य पूर्ण होने की कार्यवाही से समिति को अवगत कराया गया।

5. 100 सीटेड छात्रावास का निर्माण।

समिति के संज्ञान में लाया गया कि, संस्थान में 100 सीटेड छात्रावास का निर्माण कार्य माह जून 2020 तक पूर्ण होने की सम्भावना है। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

6. केन्द्रीय पुस्तकालय एवं प्लेसमेंट सेल का निर्माण।

समिति के संज्ञान में लाया गया कि, संस्थान में केन्द्रीय पुस्तकालय एवं प्लेसमेंट सेल का निर्माण कार्य 81 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। प्रभारी निर्माण की आख्या के अनुसार उक्त कार्य अक्टूबर, 2020 में पूर्ण कर लिया जायेगा। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

7. मल्टी परपज हाल

समिति को अवगत कराया गया है कि प्राविधिक विश्वविद्यालय ऐकेटीयू लखनऊ के पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान में मल्टी परपज हाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य का प्रारम्भिक आगणन रू0 836.35 लाख है। इस कम में अवगत कराना है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम की दिनांक 14.06.2019 को सम्पन्न हुयी बैठक में मल्टी परपज हाल के निर्माण कार्य हेतु रू0 836.35 लाख के सापेक्ष रू0 688.68 लाख स्वीकृत किये जाने पर इस शर्त के साथ सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी कि मल्टी परपज हाल के निर्माण में लगने वाली अवशेष धनराशि संस्थान अपने स्वयं के संसाधनों से वहन करेगा। अतः मल्टी परपज हाल के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये रू0 147.67 लाख का प्रावधान संस्थान को अपने स्तर से करना होगा। उपरोक्तानुसार समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त मल्टी परपज हाल के अवशेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने हेतु रू0 147.67 लाख संस्थान को अपनी अन्य श्रोतो से आय/बचतो की धनराशि से वहन करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

8. लैबो की साज सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों आदि का क्रय

समिति का अवगत कराया गया कि लैबो की साज सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों हेतु शासन से अवमुक्त की गई धनराशि रू0 125.00 लाख के सापेक्ष रू0 80.00 लाख की क्रय प्रकिया गतिमान है समिति-द्वारा अवशेष धनराशि की वित्तीय वर्ष 2020–21 में क्रय प्रक्रिया पूर्ण करने की अनुमति प्रदान की गयी।

9. पंचवटी छात्रावास में टॉयलेट ब्लाक के रेनोवेशन का कार्य

पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम द्वारा संस्थान में पंचवटी छात्रावास के टॉयलेट ब्लाक का रेनोवेशन का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त छात्रों द्वारा उपयोग में लाये जाने पर संतोष व्यक्त किया गया।



Scanned with CamScanner

10. रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य

समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना के अंर्तगत प्राप्त अनुदान रू0 43.55 लाख द्वारा संस्थान परिसर मे वारिश के जल का संचयन करने हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य लगभग 75 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है एवं जुलाई 2020 मे कार्य पूर्ण रूप से सम्पन्न हो जायेगा। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

11. बराठा बेसिन योजना ✓

समिति को अवगत कराया गया कि बुन्देलखण्ड में गिरते हुये जल स्तर को दृष्टिगत रखते हुये संस्थान में छात्रावासों एवं आवास परिसर में जल आपूर्ति की व्यवस्था हेतु उ0प्र0 जल निगम झांसी की बराठा बेसिन परियोजना के माध्यम से संस्थान में जल आपूर्ति हेतु निर्णय लिया गया। समिति ने उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया कि संस्थान में छात्रो के हित को दृष्टिगत रखते हुये निर्बाध जल आपूर्ति हेतु संस्थान की अपनी अन्य श्रोतो से आय/बचतों की धनराशि से रू0 21.00 लाख की लागत की सीमा में कार्य करा लिया जाये।

35.06 बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रोद्यौगिकी संस्थान झाँसी की स्थापना हेतु ग्राम कोछाभांवर की अधिग्रहित भूमि के भूधारकों को बढ़ी हुयी दर से प्रतिकर भुगतान के प्रकरण से समिति को अवगत कराने तथा जनक दुलारी बनाम सरकार उ0प्र0 में अपर न्यायाधीश, झांसी द्वारा पारित आदेश समिति के विचारार्थ/निर्देशार्थ।

समिति द्वारा बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रोद्यौगिकी संस्थान, झाँसी की स्थापना हेतु ग्राम कोछाभांवर की अधिग्रहीत भूमि हेतु भू-धारकों को बढ़ी हुयी दर से प्रतिकर भुगतान के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता की राय के आलोक में शासन से दिशा निर्देश प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

35.07 नगर निगम, झाँसी को संस्थान द्वारा गृहकर की धनराशि के भुगतान के सम्बन्ध में।

समिति द्वारा नगर निगम, झाँसी को संस्थान द्वारा गृहकर की धनराशि के भुगतान से सम्बन्धित लम्बित प्रकरण को जिलाधिकारी एवं आयुक्त महोदय को भी अवगत कराते हुये अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

35.08 संस्थान के समस्त एकाउन्ट्स एवं उसमें अवशेषों का विवरण/अवशेष के विनियोग का विवरण।

संस्थान के समस्त खातो में अवशेषों एवं विनियोग की गयी धनराशि से समिति अवगत हुयी।

35.09 परीक्षा संबंधी कार्यो पर व्यय की गई धनराशि का विवरण।

समिति द्वारा परीक्षा संबंधी व्ययों का अवलोकन किया गया।

35.10 विश्व बैंक (TEQIP-III) कार्यक्रम के अधीन स्वीकृत राशि एवं उसके सापेक्ष व्यय का विवरण।

समिति द्वारा विश्व बैंक TEQIP-III में रू0. 1350.00 लाख के सापेक्ष रू0 845.83 लाख व्यय का अवलोकन किया गया।

35.11 संस्थान में स्थापित एण्डाउमेंट फण्ड हेतु पृथक रूप से संचालित खाते में अवशेष धनराशि का विवरण।

समिति द्वारा एण्डाउमेंट फण्ड में उपलब्ध धनराशि का अवलोकन किया गया।

35.12 संस्थान के ऑडिटेड एकाउन्ट्स की स्थिति व ऑडिट आपत्तियों का विवरण।

समिति को अवगत कराया गया कि, संस्थान के अभिलेखों का ऑडिट कार्य स्थानीय निधि लेखा विभाग उ0प्र0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2017-18 तक एवं कार्यालय महालेखाकार उ0प्र0 इलाहाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2018-19 तक का ऑडिट कार्य पूर्ण कर लिया गया है। यह भी संज्ञान मे लाया गया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 का सम्परीक्षा कार्य माह जून 2020 से प्रारम्भ करा दिया जायेगा। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।



Scanned with CamScanner

35.13 संस्थान के लेखा कार्यो/बैलेन्स शीट सम्बन्धित कार्य चार्टेड एकाउण्टेण्ट के माध्यम से कराये जाने के सम्बन्ध में।

समिति के संज्ञान में लाया गया कि शासन स्तर से समय-समय पर वित्त सम्बन्धी सूचनायें प्रेषित किये जाने हेतु त्वरित गति एवं अल्प समय में डाटा तैयार करने का निर्देश प्राप्त होता रहता है। तदक्रम में संस्थान के भुगतानों/लेखा सम्बन्धी डाटा को टैली सापटवेयर पर रख-रखाव करने का कार्य किसी सी0ए0 के माध्यम से किये जाने की आवश्यकता थी। इस क्रम में गठित समिति के माध्यम से कुटेशन प्राप्त कर न्यूनतम दर के आधार पर स्थानीय सी0ए0 के माध्यम से रू0 7500.00 प्रतिमाह की दर से उक्त कार्य कराया जा रहा है। जिस पर समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

35.14 संस्थान के शिक्षको को 7वें वेतन आयोग की सिफारिशो के अनुरूप वेतन एरियर के भुगतान हेतु अनुमोदन एवं भुगतानित धनराशि के सापेक्ष संस्थान के एन्डाऊमेन्ट फण्ड से धनराशि आहरित करने के सम्बन्ध में।

समिति को अवगत कराया गया कि शासनादेश संख्या- 281(2)/सोलह-1-2020-14(20)/2010 दिनाँक 30 जनवरी 2020 के द्वारा संस्थान में कार्यरत शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप वेतन व वेतन एरियर दिया जाना प्रस्तावित था। उक्त शासनादेश के अनुपालन में संस्थान में कार्यरत शिक्षकों को 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप वेतन का भुगतान माह नम्बवर 2019 के वेतन से प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके साथ ही दिनांक 01.01.2016 से 31.03.2019 तक का वेतन एरियर 263.54 लाख भुगतान भी कर दिया गया है। इस क्रम में उल्लेखनीय है कि वेतन एरियर का भुगतान करने के पश्चात संस्थान के अन्य व्ययों हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध न होने के कारण एन्डाऊमेन्ट फण्ड से धनराशि अन्तरित करते हुये भुगतान की प्रकिया की गयी। समिति द्वारा उक्त पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि शासन से धनराशि प्राप्त होने पर एन्डाऊमेन्ट फण्ड (Endowment fund) में पुनः हस्तान्तरित करा दी जाये।

35.15 अध्यक्ष महोदया की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार।

अध्यक्ष महोदया को धन्यवाद के साथ समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

(वी0के0 त्यागी)
निदेशक/सदस्य सचिव, वित्त समिति
बी0आई0ई0टी0, झाँसी

(राम कमल बिन्द)
अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन
झांसी मण्डल, झांसी
प्रतिनिधि
सचिव, वित्त विभाग
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

(एस0 राधा चौहान)
प्रमुख सचिव,
प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 शासन, लखनऊ
एवं
अध्यक्ष, वित्त समिति
बी0आई0ई0टी0, झाँसी



Scanned with CamScanner